# पश्चिमी रिंग रोड का काम नवंबर के पहले हफ्ते से

- जमीन अधिग्रहण का काम हो गया पूरा
- किसानों को पैसा ट्रांसफर करने का काम अंतिम दौर में




**नव भारत न्यूज**

इंदौर. शहर के नए पश्चिमी रिंग रोड बनाने के लिए जमीन अधिग्रहण का काम पूरा हो गया है. किसानों के खाते में पैसा ट्रांसफर करने का काम अंतिम दौर में है, जो इस माह के अंत तक पूरा हो जाएगा. नवंबर के पहले सप्ताह में 6 लेन चौड़ी सड़क का निर्माण कार्य एनएचएआई द्वारा शुरू करने की संभावना है.

शहर की बहुप्रतीक्षित सड़क योजना पश्चिमी बायपास रोड का काम नवंबर में शुरू होगा. उक्त सड़क का ठेका मार्च 2024 में ही दिया जा चुका है. यह सड़क कुल 158 किलोमीटर लंबी बनेगी. इसके लिए पहले चरण में सोनवाय से डकच्या तक 64 किलोमीटर लंबी 6 लेन चौड़ी सड़क बनाई जाएगी. उक्त सड़क निर्माण की मंजूरी केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने जावरा में दी थी. इसके बाद गडकरी ने जमीन अधिग्रहित करने का कार्य जल्दी करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री को दिए थे. पूर्व कलेक्टर आशीष सिंह ने विशेष समीक्षा बैठक में एनएचएआई द्वारा बनाई जाने वाली उक्त सड़क को लेकर तीन दिन में जमीन अधिग्रहण कार्य पूरा करने के आदेश भी दिए थे.

### इस महीने पूरी होगी मुआवजा राशि

एनएचएआई प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि किसानों को मुआवजा राशि ट्रांसफर का कार्य इस महीने पूरा हो जाएगा. इसके बाद सड़क निर्माण नवंबर के पहले सप्ताह में शुरू कर देंगे. निर्माण एजेंसी पहले ही तय कर चुके है.

### 31 गांव की 600 सौ हैक्टेयर भूमि अधिग्रहित

पश्चिमी बायपास सड़क के लिए 31 गांव की 600 सौ हैक्टेयर भूमि अधिग्रहण किया गया है. इसमें देपालपुर, सांवेर और हातोद तहसील के 26 गांव की जमीन और पीथमपुर तहसील के 5 गांव शामिल है.

> **सोनवाय से डकाच्या तक बनेगा 64 किलोमीटर पश्चिमी रिंग रोड**
>
> पश्चिमी रिंग रोड के पहले चरण में 64 किलोमीटर लंबा का हिस्सा बनेगा। 64 किलोमीटर लंबी 6 लेन चौड़ी पश्चिमी बायपास सड़क दो पैकेज में बनेगी। पैकेज - 1 में पीथमपुर के खंडवा गांव से हातोद तक 30 किलोमीटर। पैकेज - 2 में हातोद से देवास जिले के डकाच्या गांव एबी रोड तक 32 किलोमीटर.

### 2 हजार करोड़ रुपए में दिया निर्माण का ठेका

एनएचएआई ने 2 हजार करोड़ रुपए में 64 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण का ठेका अहमदाबाद की एमकेसी कंट्रक्शन कंपनी को दिया गया है. मार्च 2024 में ही सड़क निर्माण का वर्क ऑर्डर जारी कर दिया था.



# नौ अक्टूबर को होगा अनवर कादरी पर फैसला

- निगम परिषद में लाया जाएगा प्रस्ताव

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को पार्षद पद से बर्खास्तगी का फैसला निगम परिषद की बैठक में लिया जाएगा. आज भाजपा कार्यालय पर इसकी विधि और निगम अधिनियम के तहत कारवाई करने को लेकर बैठक में रणनीति बनाई गई है.**

आज सुबह बीजेपी कार्यालय पर महापौर, भाजपा पार्षदों और नगर अध्यक्ष के साथ बैठक हुई. वैसे तो बैठक में परिषद के कई मुद्दे पर चर्चा हुई, लेकिन खास चर्चा कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को पार्षद पद से हटाना मुख्य एजेंडा था. भाजपा कार्यालय पर बैठक में तय हुआ कि कौन पार्षद कादरी को हटाने का प्रस्ताव रखेगा. इस विषय पर कौन कौन बीजेपी का पक्ष रखेगा. किस तरह से बहस होगी और बहस में कांग्रेस के प्रतिकार को कैसे दबाना है. जैसे कई बिंदुओं पर विचार कर रणनीति बनाई गई. रणनीति में तय हुआ कि आगामी 9 अक्टूबर को परिषद की बैठक में विकास के एजेंडे पर बाद में पहले कादरी को लेकर प्रस्ताव और फिर बहस के बाद पार्षदी से हटाने का निर्णय लिया जाएगा। बहुमत के आधार पर पार्षदी छीनी जाएगी.

### नोटिस किया जारी

कांग्रेस पार्षद अनवर कादरी को 9 अक्टूबर को आयोजित नगर निगम परिषद के सम्मेलन में उपस्थित होने या लिखित में जवाब देने के लिए नगर निगम सचिव ने नोटिस भिजवाया. फिलहाल कादरी जेल में बंद हैं, इसलिए वे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकेंगे, लेकिन अपने वकील के माध्यम से अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे. नगर निगम अधिनियम 1956 की धारा 19(2) के तहत वार्ड क्रमांक 58 के पार्षद कादरी को नोटिस जारी कर उनके मकान पर चस्पा भी करवा दिया कर दिया, नोटिस में 9 अक्टूबर को 11 बजे नगर निगम परिषद हॉल, अटल सदन में आयोजित सम्मेलन में कादरी अपना पक्ष रख सकते हैं.

> **महापौर ने संभागायुक्त को लिखा था पत्र**
>
> ध्यान रहे कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने तत्कालीन संभागायुक्त दीपकसिंह को पत्र लिखकर कादरी को पार्षद पद से हटाने के लिए पत्र लिखा था. संभागायुक्त ने कादरी को अपना पक्ष रखने का नोटिस भेजा और शायद कादरी की ओर से अधिवक्ताओं ने नोटिस का जवाब दिया. शायद नगर निगम अधिनियम में संभागायुक्त को पार्षद पद से हटाने का संभवत: अधिकार नहीं है. इस कारण आज भाजपा कार्यालय पर परिषद की बैठक में बहुमत के आधार पर हटाने की रणनीति बनी है.

## एक नजर में

### साबु का नया उत्पाद कुकरी जॉकी खीचिया पापड़ लांच

इन्दौर. सच्चामोती सच्चासाबु एगमार्क साबूदाना व अन्य शुद्ध पोषक उत्पादों के विश्वसनीय निर्माता साबु ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड, सेलम ने गहन अनुसंधान के बाद एक नया उत्पाद साबूदाना + चावल से बने खीचिया पापड़ का उत्पादन आरम्भ किया है, जिसे बाजार में कुकरीजॉकी0 ब्रांड मे 500 ग्राम के आकर्षक पैकेट में निकाला है. साबु ट्रेड के प्रबंध निर्देशक विकास साबु ने बताया कि हमने साबूदाना, मीलेट्स (श्रीधान्य), सेलम हल्दी पाउडर, नारियल बूर्रा, मखाना, ग्लुटेन-मुक्त फरियाली आटा, साबूदाना-पापड़ के बाद इस वर्ष खीचिया पापड़ का उत्पादन करने का निर्णय लिया है. अपने अन्य उत्पादों की भांति कम्पनी ने उत्पाद की शुद्धता और क्वालिटी पर पूरा ध्यान दिया है, जिससे उपभोक्ताओं को पूर्ण तृप्ति मिले. अभी यह चार वैरायटी जीरा, हरी मिर्च, लाल मिर्च तथा लहसुन स्वाद में उपलब्ध कराये गये हैं.

### व्हाइट स्नो का वर्ल्ड प्रीमियर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में

इंदौर. राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और यूनेस्को गांधी मेडल से सम्मानित फिल्म निर्देशक प्रवीण मोरछले की नई फिल्म व्हाइट स्नो का चयन प्रतिष्ठित 49वें साओ पाउलो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में वर्ल्ड प्रीमियर के लिए हुआ है. यह लैटिन अमेरिका का सबसे बड़ा और विश्व के प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में से एक है, जो 16 से 30 अक्टूबर तक साओ पाउलो में आयोजित होगा. व्हाइट स्नो कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में सेट एक भावनात्मक कहानी है, इसमें एक माँ अपने बेटे की प्रतिबंधित फिल्म को दिखाने के लिए अपने याक और पुराने टेलीविजन के साथ ऊँचे पहाड़ों में दुर्गम यात्रा करती है. यह कहानी कला की अभिव्यक्ति की आज़ादी और अधिकार के लिए साधारण लोगों के साहस को दिखाती है. फिल्म के चयन पर प्रवीण मोरछले ने कहा व्हाइट स्नो मेरे लिए बहुत निजी फिल्म है, जो हमारे समय को दर्शाती है।

### स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट ने लॉन्च किया नया फीचर

इंदौर. एक सूचीबद्ध ब्रोकरेज फर्म, स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट जिसके पास भारत में 4.5 लाख से अधिक उपभोक्ता और तीन दशक से अधिक का अनुभव है, ने अपने मोबाइल ऐप में अनूठे फीचर 'सारथी ट्रेड आइडियाज़' के लॉन्च की घोषणा की है. भारत में पहली बार पेश की गई इस सुविधा के साथ निवेशकों को सीधे इन-ऐप ट्रेड एलर्ट मिलेंगे. नए लॉन्च के अवसर पर उत्साह व्यक्त करते हुए पार्थ न्याति, सीईओ, स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट ने कहा, 'स्वस्तिका में हमारा उद्देश्य रोज़मर्रा के निवेशकों के लिए ट्रेडिंग को सरल और सुलभ बनाना है। 'सारथी ट्रेड आइडियाज़' के माध्यम से हम उनके लिए ऐसा भरोसेमंद पार्टनर लेकर आए हैं जो उन्हें रीसर्च के आधार पर सुझाव देता है। हमें विश्वास है कि यह टूल निवेशकों को मार्केट में अधिक आत्मविश्वास के साथ फैसला लेने में सक्षम बनाएगा.

### एमपी वूमन फेस्टिवल में 'सिल्वर सखी' को सम्मान




इंदौर. एमपी वूमन फेस्टिवल में समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 57 प्रमुख महिला संस्थाओं को सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए. इन्हीं में 'सिल्वर सखी' संस्था को भी उसके उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों और महिला सशक्तिकरण के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया. समारोह में अभिनेत्री अपरा मेहता और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए. इस अवसर पर 'सिल्वर सखी' की ओर से शारदा उपाध्याय (डायरेक्टर), रजनी खेतान, श्वेता श्रीवास्तव, नीतू मित्तल, और ज्योति श्रीवास्तव उपस्थित रहीं.

### फोनपे व उत्कर्ष बैंक ने लॉन्च किया विश क्रेडिट कार्ड

इंदौर. फोनपे ने उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ एक बड़ी स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप का ऐलान किया है. इस पार्टनरशिप के तहत, दोनों कंपनियों ने मिलकर विश क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है. इस क्रेडिट कार्ड के लिए फोनपे ऐप पर ऑनलाइन अप्लाई किया जा सकेगा, जिससे लाखों यूजर्स घर बैठे ही बेहद आसानी और तेजी से ऐप्लिकेशन प्रोसेस पूरा कर पाएंगे. पार्टनरशिप पर फोनपे के पेमेंट्स हेड दीप अग्रवाल ने कहा उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ यह पार्टनरशिप, हमारी वित्तीय सेवाओं के इकोसिस्टम को और मजबूत करने की दिशा में एक बहुत ही बड़ा कदम है. हम अपने यूजर को हमेशा समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इससे वे भरोसेमंद क्रेडिट प्रोडक्ट का उपयोग कर पाएंगे. उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा फोनपे के साथ मिलकर एफडी पर आधारित क्रेडिट कार्ड पेश करना, ट्रेडिशनल और नए जमाने की बैंकिंग को एक साथ लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है.

### टोयोटा किर्लोस्कर ने सितंबर में 31,091 गाड़ियां बेची

इंदौर. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने सितंबर 2025 में हुई गाड़ियों की बिक्री के परिणामों की घोषणा की. मासिक आधार पर वृद्धि के अंतर्गत सितंबर 2024 में 26,847 यूनिट्स की बिक्री हुई थी. वहीं सितंबर 2025 में 31,091 यूनिट्स की बिक्री की गई. मासिक आधार पर 16% वृद्धि दर्ज की गई. इसमें 27,089 यूनिट्स की घरेलू बिक्री और 4,002 यूनिट्स का निर्यात शामिल है. वित्त वर्ष की वृद्धि के अंतर्गत अप्रैल-सितंबर 2024 में 1,62,623 यूनिट्स बेची गई थी. जबकि अप्रैल-सितंबर 2025 के अंतर्गत वित्त वर्ष की पहली छमाही में 1,84,959 यूनिट्स बेची गई. इसमें 14% वृद्धि दर्ज की गई. यूज्ड कार बिज़नेस के सेल्स-सर्विस के वाइस प्रेसिडेंट वरिंदर वाधवा ने कहा भारत सरकार के ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों और त्योहारों के मौसम की शुरुआत से बाज़ार का माहौल काफी सकारात्मक हुआ है. टीकेएम में हमने जीएसटी का पूरा लाभ अपने ग्राहकों तक पहुँचाया है, जिससे हमारे पूरे पोर्टफोलियो में मांग और बढ़ी है.

### एनएसई का कैंसर हॉस्पिटल प्रोजेक्ट शुरू

इंदौर. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने अपनी सीएसआर पहल के तहत टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) के साथ मिलकर नवी मुंबई में एक जी+11 मंजिला कैंसर हॉस्पिटल प्रोजेक्ट शुरू किया है. इसमें एक मल्टीस्पेशियलिटी ब्लॉक और 60 बिस्तरों वाला बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) सेंटर बनाया जाएगा, जो देश का सबसे बड़ा और दक्षिण एशिया के सबसे बड़े सेंटर में से एक होगा. एमडी और सीईओ, एनएसई आशिष कुमार चौहान ने कहा हमारा उद्देश्य कैंसर मरीजों और उनके परिवारों की स्वास्थ्य ज़रूरतों में सहयोग देना और भारत में कैंसर के खिलाफ लड़ाई में सार्थक योगदान करना है. टाटा मेमोरियल सेंटर के डायरेक्टर डॉ. सुदीप गुप्ता ने कहा यह नया हॉस्पिटल ब्लॉक कैंसर मरीजों के लिए उन विशेष उपचार सेवाओं की कमी को पूरा करेगा, जो अन्य बीमारियों के इलाज के लिए आवश्यक होती हैं.

# स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की शपथ दिलाई

- आत्मनिर्भर उत्सव मेला का सांसद ने किया उद्घाटन
- स्टॉल से स्वदेशी वस्तु कि खरीदी और किया डिजिटल पेमेंट



**इंदौर. महापौर पुष्यमित्र भार्गव और निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में, नगर निगम इंदौर एवं अर्हं सेवा संकल्प ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 6 से 8 अक्टूबर तक लालबाग परिसर में आत्मनिर्भर उत्सव मेला का आयोजन किया जा रहा है. आज सांसद शंकर लालवानी द्वारा आत्मनिर्भर उत्सव मेले का उद्घाटन किया.**

सांसद लालवानी ने स्वदेशी उत्पादों के स्टॉल का अवलोकन करते हुए, स्वदेशी स्टॉल से आगामी दीपावली पर्व की खरीदारी की तथा डिजिटल पेमेंट भी किया, इस दौरान सांसद श्री लालवानी द्वारा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की शपथ भी दिलाई. इस अवसर पर प्रभारी मनीष शर्मा मामा, महापौर परिषद सदस्य निरंजन सिंह चौहान, अश्विनी शुक्ल, अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे, उपायुक्त केशव सगर, शहरी गरीबी उपशमन सीएमएम दीप्ति रावत शर्मा, किसना बनायत, राजवीर धाकड़ एवं अन्य उपस्थित थे. प्रभारी श्री मनीष शर्मा मामा ने बताया कि आत्मनिर्भर स्वदेशी मेला का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं प्रत्येक व्यक्ति को लोकल फॉर वोकल के लिए जागरूक करना, यह मेला लोकल टू वोकल की भावना को सशक्त बनाने हेतु आयोजित किया जा रहा है. मेले में स्वयं सहायता समूहों, सीआईजी-कॉमन इंटरेस्ट ग्रुप एवं पथविक्रेताओं द्वारा तैयार किए गए 100 से अधिक आकर्षक स्टॉल लगाए जा रहे हैं.

### आर्थिक मजूबती और आत्मविश्वास में वृद्धि

शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ प्रभारी मनीष शर्मा मामा ने बताया कि इस मेले के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ-साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है. स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय कर अपनी आजीविका को सशक्त बना सकेंगी. मेले का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाना है. इससे न केवल महिलाओं को आर्थिक मज़बूती मिलेगी बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी.

# एडीएम के बीच नए सिरे से कार्य विभाजन

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज कलेक्टर ने एडीएम के बीच नए सिरे से कार्य विभाजन किया है। इसके तहत अब कॉलोनी सेल का जिम्मा रिंकेश वैश्य और पवार नवजीवन को नजूल एवं सीलिंग का प्रभार दिया है.**

गौरव बैनल के कलेक्टर सिंगरोली बनने के बाद कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज चारों एडीएम के बीच नया कार्य विभाजन करने के आदेश जारी किए है. इसके तहत आईएएस पवार नवजीवन विजय को निर्वाचन के साथ नजूल, सीलिंग, खाद्य, मिलावट और कृषि बीज वितरण की व्यवस्था का प्रभार दिया गया है. साथ नवजीवन को मल्हारगंज, हातोद और देपालपुर तब्दील का प्रभारी बनाया है। वही बैनल के पास महत्वपूर्ण कॉलोनी सेल का जिम्मा रिंकेश वैश्य को सौंपा गया है. वैश्य कॉलोनी सीएफएल के अतिरिक्त परिवहन के साथ कनाडिया, महू, बिचौली हप्सी और जूनी इंदौर तहसील का प्रभार दिया है.

एडीएम रोशन राय को राऊ, सांवेर और खुड़ैल तहसील के साथ प्रोटोकाल, कृषि उपज पंडी, भाड़ा नियंत्रक का काम दिया गया है. हाल ही में आईएएस बनी निशा डामोर के पास पूर्ववत कार्य ही रहेंगे.

# लघुकथा का हश्र कविता जैसा ना हो जाए : डॉ. शुक्ल

- साहित्य कृति सफर ए जिंदगी का विमोचन



**इंदौर. अपनी अंजली में समंदर को भरने का नाम लघुकथा है, उस अंजुली के पानी को नदी बनाने का नाम कहानी है, और उस नदी को समंदर बनाने का नाम उपन्यास है.**

यह बात ख्यात लघु कथाकार डॉ. योगेंद्र नाथ शुक्ल ने आशिक देवासवाला की पहली साहित्य कृति सफर-ए- जिंदगी के विमोचन अवसर पर अध्यक्षता करते हुए कही. आपने आगे कहा कि मुझे इस बात का डर है कि लघुकथा का हश्र कविता जैसा नहीं हो जाए, क्योंकि जिस तरह कविता अति बौध्दिकता और सतहीपन में घिरकर जनता से दूर होती गई. वैसे ही लघुकथा चार दीवारों के बीच कुछ लोगों का बौद्धिक विलास या टाईम पास करने की वस्तु न बन जाए. लेखकों को यह नहीं भूलना चाहिए कि वह यदि चाहें तो कविता की तरह लघुकथा से समाज में क्रांति ला सकते हैं. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल के व्यंगकार यशवंत गोरे ने कहा कि ये लघुकथाएं समाज में व्याप्त विसंगतियों एवं विडंबनाओ को रेखांकित करती हैं. लघुकथाएं पाठकों को समाज में उन विसंगतियों और विडंबनाओं पर मंथन करने के साथ उन्हें दूर करने के लिए उन विवश करती हैं.

> **सामयिक व्यंग्य रचना सुनाई**
>
> आपने एक सामयिक व्यंग्य रचना मानसून का बिदाई समारोह सुनाकर श्रोताओं को आनंदित कर दिया. चर्चाकार लेखिका ज्योति जैन, विशेष अतिथि समाजसेवी -शिक्षाविद जुजर हुसैन सेठजीवाला, डॉ. मनीष दवे और डॉ.विवेक गावडे थे. दो सत्रों में हुए इस कार्यक्रम के पूर्वार्ध में डॉ.विवेक गावडे के संयोजन में सुरीला संगीत कार्यक्रम हुआ. लेखक आशिक की 93 वर्षीय मां जेहराबाई और अतिथियों के हाथों पुस्तक विमोचन संपंन्न हुआ. अतिथि परिचय डॉ. मनीष दवे, आरवा देवासवाला और मारिया जालीवाला ने दिये. अतिथि स्वागत मुस्तफ़ा देवासवाला, बुरहानुद्दिन शकरूवाला, दिनेश तिवारी संचालन- संयोजक अनिल कुमार धडवईवाले ने किया.

# प्रेम, दया और शांति से होता है श्रेष्ठ समाज का निर्माण

- ओम शांति भवन न्यू पलासिया में कार्यक्रम का आयोजन



इंदौर. समाज में सकारात्मक बदलाव केवल बाहरी प्रयासों से नहीं बल्कि आत्मिक जागृति एवं ईश्वरीय ज्ञान से संभव है. जब हर व्यक्ति अपने अंदर प्रेम, दया और शांति के संस्कार विकसित करता है तब एक सुंदर एवं श्रेष्ठ समाज का निर्माण होता है. आज के युग में जहां तनाव स्वार्थ और भेदभाव बढ़ रहा है वहा आध्यात्मिकता ही वह शक्ति है जो मानव को अपने असली स्वरूप आत्मा की पहचान कराती एवं ईश्वरीय शक्ति से जोड़ती है.

यह बात मुख्य वक्ता के रूप में मोटिवेशनल स्पीकर डॉक्टर ई .वी. स्वामीनाथन ने कही. वे ओम शांति भवन न्यू पलासिया में ब्रह्मा कुमारीज के समाज सेवा प्रभाव द्वारा श्रेष्ठ समाज की स्थापना में आध्यात्मिकता का महत्व विषय पर एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. इंदौर जोन इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आरती दीदी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जो भारत पहले सोने की चिड़िया कहलाता था वह वापस उसी स्थिति में तभी आ सकता है जब हम अपने अंदर परिवर्तन करें. मुख्य अतिथि रोटरी इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा ने कहा कि हमारी सोच इतनी नकारात्मक हो गई है कि आज हमें देखकर कोई मुस्कुराए तो खुश होने के बजाय हम यह सोचते हैं कि पता नहीं इसका क्या स्वार्थ है यह क्यों मुस्कुरा रहा है.

### समाजसेवियों का सम्मान

लायन इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल ने कहा कि लायन इंटरनेशनल पिछले तीन वर्षों से बालिकाओं के साथ जो दुर्व्यवहार हो रहा है उस पर कार्य कर रहा है. डिजीयाना ग्रुप के एमडी सुखदेव सिंह घुम्मन ने भी संबोधित किया. बीके राकेश भाई ने कार रैली का उद्देश्य बताया. बीके आशा बहन ने संचालन किया. इस अवसर पर समाज सेवा करने वालों को सम्मानित किया. इनमें शिक्षाविद हेमेंद्र सिंह, 80 बार से अधिक ब्लड दे चुके जगप्रीत टुटेजा, समाजसेवी और जैन नवकार ग्रुप के अध्यक्ष अजय जैन, जीएमएल एडिटर श्वेता जोशी, नीतू बिल्लौरे प्रिंसिपल, इंस्पेक्टर शिवम् ठक्कर का सम्मान किया गया.



# वीणा सर्जना सम्मान से प्रो. द्विवेदी अलंकृत

**इंदौर. भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के पूर्व महानिदेशक प्रोफेसर संजय द्विवेदी का कहना है कि साहित्यिक पत्रकारिता ने समाज को विचारशील बनाकर मूल्य, विवेक और संस्कृति की रक्षा की है,**

वे श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति में वीणा पत्रिका के शताब्दी वर्ष समारोह का शुभारंभ कर रहे थे, इस मौके पर उन्होंने वीणा के 99 वें वर्ष के पहले अंक का लोकार्पण भी किया. कार्यक्रम में प्रो.द्विवेदी को वीणा सर्जना सम्मान से सम्मानित भी किया गया. पत्रिका के संपादक डॉ.राकेश शर्मा ने वीणा के योगदान और इतिहास-विकास की चर्चा करते हुए बताया कि शताब्दी समारोह में देश भर में अनेक आयोजन किए जाने की योजना है. कार्यक्रम में मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति के कार्यकारी प्रधानमंत्री घनश्याम यादव, साहित्यकार सूर्यकांत नागर, डा.वसुधा गाडगिल, अंतरा करवड़े, डा. पद्मा सिंह, ज्योति जैन, गरिमा संजय दुबे, योगेन्द्र नाथ शुक्ल, सदाशिव कौतुक, प्रभु त्रिवेदी, मुकेश तिवारी, अर्पण जैन, अरविंद ओझा, चंद्रभान भारद्वाज सहित इंदौर के साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे.

# विश्वस्तरीय केयर उपलब्ध कराना लक्ष्य

इंदौर. मदरहुड हॉस्पिटल्स इंदौर में अपना दूसरा सेंटर खोलने जा रहा है. राजीव गांधी सर्कल पर प्रस्तावित इस नए सेंटर के शुरू होने के बाद शहरवासियों को प्रिग्नेंसी, गायनेकोलॉजी, नियोनैटोलॉजी, पीडियाट्रिक्स और आईवीएफ जैसी विशेषज्ञ सेवाएं एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी.

मदरहुड हॉस्पिटल्स के सीईओ विजयरत्ना वेंकटरमन ने अनुसार नए सेंटर के साथ इंदौर में मेट्रो सिटी स्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध होगा. यहाँ लेवल-3 एनआईसीयू, एडवांस्ड ओटी, एलडीआर, अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड सिस्टम और मॉड्युलर ऑपरेशन थिएटर जैसी सुविधाएं मौजूद हैं. अस्पताल में उच्च जोखिम वाली प्रिग्नेंसी, जटिल फीटल स्थितियों और लैप्रोस्कोपिक सर्जरी को संभालने की पूरी क्षमता है. साथ ही, प्रीमियम सुईट, पर्सनलाइज्ड बर्थिंग पैकेज, पीआईसीयू और एमआईसीयू जैसी सुविधाएं भी दी जा रही हैं. वेंकटरमन ने बताया, आज हर 4 में से 1 दंपति को इन्फर्टिलिटी की समस्या है. बढ़ती जागरुकता और स्वीकार्यता के साथ गुणवत्तापूर्ण फर्टिलिटी केयर की मांग बढ़ रही है. मदरहुड हॉस्पिटल्स नैतिकता, प्रमाण और टेक्नोलॉजी पर आधारित सॉल्यूशन पेश करते हुए टियर-2 शहरों में लगातार अपनी सेवाओं का विस्तार कर रहा है. हमारा फोकस मरीजों को उनके करीब ही विश्वस्तरीय केयर उपलब्ध कराना है. इंदौर हमारे लिए मुख्य केंद्र है और आगे हम मध्य प्रदेश के अन्य शहरों में भी विस्तार की योजना बना रहे हैं.

## एक नजर में

**कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ हुआ परिचय सम्मेलन का समापन**

# यह परिचय का स्थान, रिश्ता पक्का करने के पहले घर जरूर देखें



**इंदौर. जब तक दोनों पक्ष पूरी तरह संतुष्ट न हो जाएं, रिश्तों की घोषणा न करें। सम्मेलन के बाद दोनों पक्ष एक दूसरे का घर-बार एवं व्यापार व्यवसाय की पूरी जानकारी निकाल लें, तभी रिश्ते को मूर्त रूप दें.**

यह बात माहेश्वरी विवाह प्रकोष्ठ के सचिव कल्याणमल मंत्री ने परिचय सम्मेलन के अंतिम दिन की शुरुआत में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए कही. आपने कहा कि रिश्ते स्थाई होना चाहिए, इसके लिए जरूरी है कि दोनों ही पक्ष अपने स्तर पर हर तरह की जानकारी प्राप्त कर ही रिश्ते को अंतिम रूप दें. परिचय सम्मेलन की व्यवस्थाओं में जुटी महिला कार्यकर्ताओं का भी आज सम्मान किया गया. इस अवसर पर अध्यक्ष कमल भुराड़िया ने मातृशक्ति की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप लोगों की ऊर्जा एवं प्रतिबद्धता के कारण ही यह सम्मेलन निर्विघ्न संपन्न हो पाया है. आपने सम्मेलन के संयोजक दिनेश परवाल, गोपाल जाखेटिया, पूनम मालपानी तथा रेखा काकानी का भी दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया.

### प्लास्टिक मुक्त रहा सम्मेलन

तीन दिवसीय यह आयोजन पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त रहा. भोजन के साथ पानी की व्यवस्था भी तांबे के लोटे में की गई थी. इस अवसर पर सम्मेलन प्रभारी रामकृष्ण जाखेटिया, अशोक धूत, राजेश सोमानी, भगवानदास भलिका, कमल सोमानी, सीमा माहेश्वरी, अर्चना माहेश्वरी, भावना माहेश्वरी प्रहलाद मोदानी, प्रकाश माहेश्वरी रमा साबू, विजय हेडा आदि उपस्थित थे.